प्रेस विज्ञाप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–27.07.2023 (सं0–358)

मोहर्रम पर्व

- मोहर्रम पर्व दिनांक 29.07.2023 को मनाया जाएगा। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न स्थानों पर ताजिया जुलूस निकाला जाएगा। मोहर्रम के ताजिया का पहलाम 2–3 दिनों के उपरान्त तक होते रहने की परम्परा रही है।

- मोहर्रम के अवसर पर पूरे राज्य में पर्व के शान्तिपूर्ण समापन तथा विधि व्यवस्था संधारण हेतु राज्य के सभी जिलों में व्यापक स्तर पर सुरक्षा प्रबंधन तथा अन्य अपेक्षित व्यवस्थाओं को किया गया है।

- सभी जिलों में सभी स्तर पर शान्ति समिति की बैठकें सम्पन्न करायी गयी हैं। जुलूस के लिए अनुज्ञप्ति निर्धारित शर्तों पर दी गयी हैं। असमाजिक तथा शरारती तत्वों को बन्ध पत्र भरवाया गया है।

- राज्य के सभी जिलों के संवेदनशील तथा महत्वपूर्ण स्थलों पर बल, दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति, आपात परिस्थितियों के लिए क्यू0आर0टी0, चिकित्सीय दल, एम्बुलेन्स, अग्निशमन सेवा की प्रतिनियुक्ति तथा आवश्यक प्रबंधन किये गये हैं।

- सभी जिलों में जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के संयुक्त आदेश से बल तथा दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

- सोशल मीडिया पर हो रही गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है।

- जिलों में पूर्व से उपलब्ध बल के अतिरिक्त पुलिस मुख्यालय से भी बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है:–

i. BSAP क्षेत्रीय रिजर्व कम्पनी –24 कम्पनी।
ii. बुनियादी प्रशिक्षु–7790 (5030 पुरुष+2760 महिला)
iii. गृहरक्षक–4500
iv. अर्द्धसैनिक बल–06 कम्पनी (पटना, नालन्दा, रोहतास, भागलपुर, सिवान तथा दरभंगा जिला में।

xxxxxxxx